कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 79 / FP/UK/DISP/114282/2020 :देहरादून:दिनांकः 07 जुलाई, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

विषयः– जनपद–नैनीताल के राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए "राज्य कैंसर संस्थान" की स्थापना किये जाने हेतु 3.11 है0 (पूर्व में 4.25 है0) वन भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1958/12–1 दिनांक 18.06.2022।

महोदय,

कृपया अपने उपरोक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 15.12..2021 के अनुपालन में सूचना प्रेषित की गयी है। प्रेषित की गयी सूचना भारत सरकार द्वारा चाही गयी सूचना के अनुरूप नहीं है। पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया है कि प्रकरणों में अभी तक देय एन0पी0वी0 की धनराशि जमा नहीं करायी गयी है। एन0पी0वी0 की धनराशि संशोधित दरों के अनुसार तदर्थ कैम्पा कोष में जमा की जानी है।

अतः प्रकरणों में भारत सरकार द्वारा चाही गयी सूचना का भली–भांति अध्ययन कर प्रकरणवार उचित उत्तर प्रेषित करने एवं देय एन0पी0वी0 की धनराशि को तदर्थ कैम्पा कोष में जमा कराने हेतु सम्बन्धित प्रस्तावक विभाग एवं प्रभागीय वनाधिकारी को लिखने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक।

संख्या :– 79 / FP/UK/WATER/41611/2019 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर।
2. प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्तानुसार प्रकरणवार सूचना सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक।